Helpline No:- +91 7597122440

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141 - 2850551–75

क्रमांक : प ( ) जरारासंविवि / शै0मि0शा0 / 19 / दिनांक:–

कार्यपरिषद की 62 वीं बैठक दिनांक 12.09.2019 का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 62 वीं बैठक का आयोजन दिनांक 12.09.2019 को प्रातः 11.30 बजे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन स्थित सभाकक्ष में माननीया कुलपति महोदया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही:–

1 डॉ0 अनुला मौर्य, माननीया कुलपति महोदया, जरारासंविवि, जयपुर।
2 डॉ0 रामकुमार दाधीच, संयुक्त निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3 प्रो0 दीरघराम रामस्नेही, प्राचार्य, राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जोधपुर
4 प्रो0 रामकिशोर शास्त्री, श्री वैष्णव आश्रम, दारागंज, प्रयागराज–211006 (उ.प्र.)
5 डॉ0 सुभाष चन्द्र शर्मा, सह आचार्य, साहित्य विभाग, जरारासंविवि, जयपुर।
6 श्री अशोक कुमार शर्मा, कुलसचिव, सदस्य सचिव (पदेन), जरारासंविवि, जयपुर।
7 श्री रामावतार शर्मा, वित्त नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर, विशेष आमंत्रित सदस्य।
8 डॉ0 माताप्रसाद शर्मा, संकायाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, जरारासंविवि, जयपुर, विशेष आमंत्रित सदस्य।

डॉ. माताप्रसाद शर्मा, संकायाध्यक्ष एवं सह आचार्य द्वारा वैदिक मंगलाचरण के उपरान्त बैठक की कार्यवाही आरम्भ हुई तथा निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

बिन्दु संख्या	बिन्दु	निर्णय
62–1	कार्यपरिषद् की 61वीं बैठक के कार्यवृत की पुष्टि।	आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में रखे जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
62–2	विद्यापरिषद की 26 वीं बैठक कार्यवाही विवरण की पुष्टि	आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में रखे जाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
62–3	विश्वविद्यालय के यू.ओ.नोट क्रमांक 16088 दिनांक 07.09.2019 में अधोलिखित कार्यों / सेवाओं हेतु निविदाएँ आमंत्रित की गई थी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी निविदाओं के प्रकरणों के संबंध में अधिकारिता क्षेत्र कार्यालयध्यक्ष (20 दिन) एवं विभागाध्यक्ष (40 दिन) से अधिक होने के कारण जारी निविदाओं का प्रस्ताव बैठक में विचारार्थ / निर्णयार्थ प्रस्तुत है।	1. बैठक में सदस्य सचिव (कुलसचिव) ने बैठक के एजेण्डा नोट के अनुसार विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों एवं सेवाओं हेतु आमंत्रित 09 निविदाओं का ब्यौरा एवं विलम्ब के कारणों का उल्लेख करते हुए पत्रावली पर लेखाशाखा की आपत्ति के सन्दर्भ में RTPP Rules,2013 एवं संशोधित प्रावधान दिनांक 06 अगस्त, 2018 की प्रति उपस्थित सदस्यों को उपलब्ध करवायी तथा प्रावधानों का वाचन करते हुए समय, वित्त एवं ऊर्जा की बचत के मद्देनजर विश्वविद्यालय हित में निविदाओं का अन्तिमीकरण करने के प्रावधानों का उल्लेख किया तथापि राजस्थान सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त करने का आग्रह किया। जिसके क्रम में वित्त नियंत्रक द्वारा नियमों के परिपेक्ष्य में प्रावधान नहीं होने का कथन किया।

Scanned by CamScanner

		कार्यपरिषद् ने निर्धारित अवधि से अधिक समय होने के फलस्वरूप मैन पावर निविदा के अतिरिक्त अन्य सभी निविदाओं को निरस्त कर, जो कार्य सरकारी एजेन्सियों/जैम पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध हैं, उनको नियमानुसार विश्वविद्यालय के कार्यों हेतु आदेशित किया जावेगा एवं मैन पावर से सम्बन्धित निविदा की समयावधि नियमानुसार होने के फलस्वरूप कार्यादेश की प्रक्रिया की जावे। इनके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार डिग्रियाँ प्रिन्टिंग के सहित निविदाएँ अधिकतम सात दिनों में आमंत्रित कर दी जावे। 2. निविदाओं के विलम्बित होने से सम्बन्धित जाँच हेतु तीन सदस्यीय दल का गठन किया गया:– (1) प्रो. रामकिशोर शास्त्री–अध्यक्ष (2) डॉ0 सुभाष चन्द्र शर्मा–सदस्य (3) डॉ0 जे0 एन0 विजय–सदस्य सचिव
62–4	विश्वविद्यालय के प्रशासनिक दायित्वों में परिवर्तन के सम्बन्ध में।	कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से प्रशासनिक दायित्वों में परिवर्तन हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।
62–5	विश्वविद्यालय में विभिन्न अध्ययन केन्द्रों/सेन्टरों को खोले जाने के सम्बन्ध में।	सर्वसम्मति से निम्नानुसार अध्ययन केन्द्र/सेन्टर खोले जाने का निर्णय लिया गया:– 1. गाँधी अध्ययन केन्द्र 2. अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र 3. महिला विकास अध्ययन केन्द्र

(डॉ0 माताप्रसाद शर्मा) (रामावतार शर्मा) (डॉ0 सुभाष चन्द्र शर्मा)

(प्रो0 रामकिशोर शास्त्री) (प्रो0 दीरघराम रामस्नेही) (डॉ0 रामकुमार दाधीच)

(अशोक कुमार शर्मा)
कुलसचिव

12.9.19
(डॉ0 अनुला मौर्य)
कुलपति

Scanned by CamScanner